# नगरीय विकास योजना 2026-27 तक जारी

## मंत्रि-परिषद की बैठक में 500 करोड़ का अतिरिक्त बजट मंजूर

**भोपाल, 02 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा के समिति कक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई.**

बैठक में नगरीय क्षेत्र के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं पर निर्णय लिए गए. सरकार ने मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना को वर्ष 2026-27 तक जारी रखने का फैसला किया है. इसके लिए अतिरिक्त 500 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है. योजना के अंतर्गत अब तक 1,070 करोड़ रुपये की 1,062 परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं. इनमें 325 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, 407 कार्य प्रगतिरत हैं और 330 परियोजनाएं डीपीआर स्वीकृति या निविदा प्रक्रिया में हैं. इस योजना के तहत पेयजल, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, सड़क और नाली निर्माण, श्मशान घाट, सामुदायिक भवन, रैन बसेरा और खेल मैदान जैसे विकास कार्य किए जाते हैं. बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण संपर्कता बाह्य वित पोषित योजना के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भी मंजूरी दी गई. पहले से स्वीकृत 12 करोड़ 32 लाख रुपये के अलावा अब 9 करोड़ 45 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च करने की अनुमति प्रदान की गई है. इसके अलावा राज्य सेवा परीक्षा 2022 में परिवहन उप निरीक्षक पद के लिए चयनित 29 में से 25 उम्मीदवारों को नई शर्तों के साथ नियुक्ति देने का निर्णय लिया गया है. इन उम्मीदवारों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में एक वर्षीय कंप्यूटर डिप्लोमा और ड्राइविंग लाइसेंस के दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे. यदि कोई उम्मीदवार परिवीक्षा अवधि में यह दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाएंगी.

## स्कूल के खाली भवनों में कॉलेज की कक्षाएं शुरू करने पर हो विचार : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज से अपने मंत्रियों और विभागों का परफार्मेंस रिव्यू किया. इसकी शुरुआत सीनियर मंत्री प्रहलाद पटेल, उदय प्रताप सिंह, तुलसी सिलावट और प्रद्युम्न सिंह तोमर से की. सीएम मंत्रियों से दो साल का लेखा-जोखा लिया. इसके अलावा मुख्यमंत्री ने विधानसभा कक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग के कामकाज की समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूल भवनों में शेष खाली समय का उपयोग कर महाविद्यालय की कक्षाओं की व्यवस्था प्रारंभ करने पर विचार करें. सीएम ने विभिन्न योजनाओं के प्रभाव की जानकारी भी अधिकारियों से प्राप्त की.

### दो वर्ष की उपलब्धियां

- 2,472 ग्राम सेवा सदन और 106 अटल सुशासन भवन स्वीकृत
- 5 जिला स्तरीय अटल सुशासन भवन और 3,560 सामुदायिक भवन मंजूर
- नर्मदा परिक्रमा पथ के 231 आश्रय स्थलों, 89 नदी उद्गम स्थलों पर फेंसिंग कार्य
- ग्रामीण सड़क विकास के तहत 30,900 किमी सड़कों को मंजूरी
- हर विधानसभा में वृन्दावन ग्राम योजना के लिए ग्राम चयन
- जल गंगा संवर्धन अभियान में 60,428 कार्य, 1368 करोड़ रुपए व्यय
- 1,224 जल संरक्षण संरचनाओं से 6,170 हेक्टेयर में सिंचाई
- 'कैच द रेन' अभियान में खरगोन जिला को राष्ट्रीय जल पुरस्कार



## ह्यूमन एनाटॉमी स्टेंसिल किट के लिए मिला पेटेंट

**भोपाल, 2 दिसंबर.** एम्स भोपाल की एनाटॉमी विभाग की प्रोफेसर डॉ. शीतल कोटगिरवार को उनके आविष्कार 'ह्यूमन एनाटॉमी स्टेंसिल किट एंड मेथड फॉर यूज़िंग द सेम' के लिए भारत सरकार ने पेटेंट प्रदान किया है. डॉ. कोटगिरवार द्वारा विकसित यह ह्यूमन एनाटॉमी स्टेंसिल किट मेडिकल छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी है. यह किट हड्डियों की सटीक और मानकीकृत आकृतियाँ तैयार करने में मदद करती है, जिससे फ्रीहैंड ड्रॉइंग में कठिनाई महसूस करने वाले विद्यार्थियों को साफ-सुथरे डायग्राम बनाने, बेहतर विज़ुअलाइज़ेशन प्राप्त करने और मस्कुलोस्केलेटल एनाटॉमी की बेहतर अवधारणा विकसित करने में सहायता मिलती है.

## पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**भोपाल, 02 दिसंबर. मंत्री राकेश सिंह एवं दिलीप अहिरवार ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में दोपहर 1 से 3 बजे तक प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया.**



जिन जनसमस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया है। कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय के बाद मध्यप्रदेश शासन के मंत्रीराकेश सिंह ने कहा कि चाहे सरकार में मंत्री हों या जनप्रतिनिधि, सभी मूल रूप से भाजपा कार्यकर्ता हैं. शासन में बैठे कार्यकर्ताओं का यह दायित्व बनता है कि वह संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद करें. मंत्री होने के नाते, हर कार्यकर्ता की समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व है. संवाद की इस व्यवस्था से कार्यकर्ताओं की बात सही मंच पर पहुंच रही है और उनका समाधान भी हो रहा है.

## निजी विमान कंपनियों को दिया 90 .7 करोड़ किराया

**सरकार से जनवरी से नवंबर 2025 तक किया भुगतान**

**हेलीकॉप्टर का किराया 5 .29 लाख प्रति घंटा**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 दिसंबर. सरकार द्वारा जनवरी 2021 से नवंबर 2025 तक विमान किराए के 290 करोड़ का भुगतान किया गया तथा जनवरी 2025 से नवंबर 2025 तक निजी विमान कंपनियों को 90.7 करोड़ किराए का भुगतान किया गया.**

मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यकाल में जनवरी 2024 से नंबर 25 तक 143 करोड़ का भुगतान हुआ है. यह जानकारी मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न पर दी . मुख्यमंत्री ने बताया कि 2019 में विमान किराए पर खर्च 1.63 करोड़ प्रतिवर्ष बढ़कर 2025 में 90.7 करोड़ प्रतिवर्ष हो गया. विधायक पंकज उपाध्याय के प्रश्न के उत्तर में बताया कि शासन के पास वर्तमान में एक हेलीकॉप्टर चालू हालत में है तथा एक विमान मई 2021 से दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण ग्वालियर एयरबेस पर खड़ा है, यह उड़ान योग्य नहीं है. सरकार ने विमान किराए में 2022-23 से 2024-25 तक 20% से 30% से अधिक की वृद्धि की .

> 4 अप्रैल 2023 को आयुक्त विमानन द्वारा जारी पत्र में लिखा कि पोस्ट कोविड में पर्यटन बढ़ गया तथा विमान की मांग बढ़ गई एवं कोविड के कारण विमान हेलीकॉप्टर का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ तथा लोकसभा चुनाव होने से विमान किराए की मांग अत्यधिक बढ़ गई है एवं रख रखाव तथा ईंधन में अत्यधिक वृद्धि हुई है . इसलिए किराया बढ़ाया जाना तय किया गया है . इस आधार पर जिन विमान का किराया 2022-23 में 4 .45 लाख प्रति घंटा था वह 2024 में बढ़कर 5 .70 लाख प्रति घंटा , जिनका किराया 3 .5 लाख प्रति घंटा था वह बढ़कर 4 .75 लाख प्रति घंटा हो गया . लगभग सभी केटेगरी के विमान हेलीकॉप्टर किराए में 20% से 30% की वृद्धि की गई . प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि 2023 में कोविड का बहाना करके किराया बढ़ाना कितना हास्यास्पद है . प्रदेश की आर्थिक स्थिति कर्ज प्रधान हो गई है, ऐसे में 5 लाख प्रति घंटे की दर से विमान किराए पर लेकर प्रतिवर्ष सैकड़ों करोड़ हवा में उड़ाने से उधार लो घी पीयो चल रहा है .

## रंगदारी नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी

**जबलपुर, 2 दिसंबर.** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम झलोन में शराब के नशे में उत्पात मचाने के साथ महिलाओं से अभद्रता करने वाले बदमाश रंगदारी नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं. मूलनिवासी जनजागृति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधे झारिया ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर बताया कि गांव के ही परशुराम और उसका पुत्र गोलू उनसे 50,000 रुपए की मांग कर रहे हैं और पैसे न देने पर झूठे मारपीट के प्रकरण में फंसाने की धमकी दे रहे हैं. 28 नवंबर की रात गांव के पूरन और अमित उर्फ रामकिशन ने शराब के नशे में आतंक मचाया. महिलाओं से अभद्रता की.


**THE M.P. STATE AGRO INDUSTRIES DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
"PANCHANAN" 3rd FLOOR, MALAVIYA NAGAR, BHOPAL, Ph. (0755)-2760517, 2761392, Fax : 2557305
E-Mail : mpagrohobpl@gmail.com, Web.: www.mpagro.org
CIN No. U01119MP1969SGC001055
REF. RM/BPL/2025-26/879 Dated : 02.12.2025

**SHORT NOTICE FOR INVITING**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF PROJECT ADVISOR FOR PROJECT ADVISOR SERVICES, FOR SETTING UP OF TISSUE CULTURE LAB (SECOND CALL)**

M.P. State Agro Industries Development Corporation Ltd., Bhopal invites online Request for Proposal (RFP) from eligible Firms/Companies/Trusts/Societies/Agencies for providing Project advisory services for setting up a Tissue Culture Laboratory with an annual production capacity of 15 lakh plants, at the Bio-Fertilizer Plant, Indrapuri, Bhopal as detailed in RFP Document. For detailed RFP documents and updates, **visit: www.mpagro.org** and **www.mptenders.gov.in**
The last date for submission of the online proposal along with the EMD and Document Fee is 19.12.2025 up to 4:00 PM. For online submission, please visit : **www.mptenders.gov.in**
**Note :** Any updates or amendments related to this RFP will be published only on the Corporation's website **www.mpagro.org.** No further notification will be published in newspapers.
M.P. Madhyam/123306/2025 **Regional Manager (Bhopal)**


## मक्का का पांच गुना मंडी शुल्क वसूला

**▸ मंडी समिति ने पकड़ा 50 क्विं. अवैध मक्का से भरा मिनी ट्रक**

**राधेश्याम शर्मा, नवभारत**

**बैरसिया, 2 दिसंबर. कृषि उपज मंडी समिति कार्यक्षेत्र में निरीक्षण दल सघन वाहन चैकिंग कर कृषि उपज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगा मंडी शुल्क की वसूली के लिए प्रयासरत है.**



मंडी सचिव सुनील कुमार भालेकर के मुताबिक संयुक्त संचालक आंचलिक कार्यालय मंडी बोर्ड भोपाल के मार्गदर्शन एवं मंडी सचिव के नेतृत्व में निरीक्षण दल गठित है. मंगलवार को शमशाबाद से भोपाल विक्रय के लिए अवैध मक्का परिवहन कर ले जा रहे एक मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 34 जीओ 650 को 50 क्विंटल मक्का से भरा निरीक्षण दल ने पकड़ा है. ओर मंडी सचिव को सूचित कर वाहन को मंडी लाया गया. जहा वाहन में भरी कृषि उपज के आवश्यक दस्तावेज नही पाए गए. मंडी सचिव ने तुरंत आवश्यक कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन फ्लाइंग स्कॉर्ड एप के माध्यम से की जाकर अवैध कृषि उपज परिवहन की.

> नियमानुसार तौलकांटा पर्ची के अनुसार उपज की पांच गुना शुल्क 3500 रुपए , निरासत शुल्क 700 एवं समझौता शुल्क 500 रुपए यानी कुल राशि 4700 रुपए मंडी कार्यालय में जमा कराकर सम्बंधित मनोज साहू पुत्र बारेलाल साहू को रसीद दी गई. मंडी सचिव ने बताया कि कृषि उपज की अवैध परिवहन के विरुद्ध आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी. इस कार्यवाही में मंडी सचिव के अलावा सहायक निरीक्षक पन्नालाल साहू, ओपी रघुवंशी, रज्जूलाल विश्वकर्मा विश्राम सिंह, रूपेंद्र त्रिपाठी आदि की मुख्य भूमिका रही.

## बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने का प्रयास

**▸ डॉ. पाण्डेय के सवाल के जवाब में मंत्री ने दी जानकारी**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 दिसंबर. महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि सरकार बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है.**

सरकार इस दिशा में निगरानी का भी प्रयास कर रही है.संबंधित एजेंसियां ऐसे मामलों में कार्रवाई भी कर रही है और बच्चों को पॉक्सो एक्ट की जानकारी भी दी जा रही है. भाजपा विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से प्रदेश में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के स्मार्टफोन और इंटरनेट के अनियंत्रित उपयोग से उत्पन्न स्थिति की ओर मंत्री भूरिया का ध्यान आकर्षित किया था, जिसके जवाब में मंत्री ने निगरानी का भरोसा दिलाया. सदस्य डॉ. पाण्डेय ने ये मामला उठाते हुए कहा कि एक सर्वे के रिपोर्ट के मुताबिक इस समस्या की रोकथाम के लिये विद्यालय और आंगनवाड़ियों के स्तर पर लगातार कार्यक्रम किये जाने चाहिए, जिससे कि जागरूकता बढ़े. इसके लिये ठोस कार्य योजना भी तैयार करने की जरुरत है. उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के सीएमएचओ ने इस संबंध में एडवायजरी जारी की है.

## अपनों ने किया बेघर, कब्रिस्तान में गुजरी रात

**जबलपुर.** अजीजगंज पसियाना में रहने वाले युवक को अपनों ने बेघर कर दिया है. वह ठंड में कब्रिस्तान में रात गुजार रहा है. पीड़ित मो. मकसूद खान ने शिकायत की है कि उसके भाईयों मंसूर, महफूज एवं इनके पुत्रों महबूब, कल्लू, अमन द्वारा उसके हिस्से के मकान से निकाल दिया गया है.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
Office of The Dy. General Manager (South) City Division, Office Add : Second Stop Tulsi Nagar, Bhopal, Phone No. : 0755-2678306 E-Mail- : citysouthbpl@gmail.com
No: DGM/CDS/PUR/4074 Bhopal, Dated : 01.12.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations :-

| Name of Unit/ Office | Particulars | EMD (Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Manger H.T.M. (Subdivision No. 02) South Under City Division South, Bhopal | Vehicle enquiry for hiring of one No. Type F-5 : Mahindra Bolero Camper Mini Pickup Double cabin With Ladder Model-2025 under Manger H.T.M. (Subdivision No. 02 City Division South, Bhopal | 3000/- | 08.12.2025 Up to 03.00 P.M. | 08.12.2025 at 03.30 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/123304/2025 **DGM (SOUTH) CITY DIVISION**


### एक नजर में

## एक दिन में मंडी में पहुंचीं धान की 175 ट्रॉलियां

**सलामतपुर, 2 दिसंबर .** रायसेन जिले की सलामतपुर उप कृषि उपज मंडी में इन दिनों धान की बंपर आवक हो रही है . मंडी परिषद पूरी तरह से धान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से गुलजार हो गई है . स्थानीय किसानों के साथ-साथ भोपाल और विदिशा जिलों के किसान भी अपनी फसल बेचने यहां पहुंच रहे हैं . मंगलवार को दोपहर 2 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगभग 175 ट्रालियां मंडी में पहुंच चुकी थीं . धान के अच्छे रेट मिलने से किसानों में ख़ुशी देखी गई . कृषि उपजमंडी में बैरसिया से अपनी धान की उपज बेचने आए किसान जगमोहन सिंह दांगी ने बताया कि इस वर्ष धान का उत्पादन अच्छा हो रहा है . प्रति एकड़ पंद्रह से लेकर बीस क्विंटल धान का उत्पादन मिल रहा है . लेकिन सलामतपुर उपमंडी में मेरी धान की अच्छी कीमत अट्ठाईस सौ रुपए क्विंटल के हिसाब से मिल गई है . जबकि अन्य मंडी में दो हज़ार पांच सौ रुपए से लेकर छब्बीस सौ रुपए क्विंटल ही मिल पा रहे थे एक दिन पहले ही पहुंच गए किसान : क्षेत्र में इन दिनों धान की बंपर आवक देखी जा रही है . सिर्फ रायसेन जिले के ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों से भी किसान अपनी उपज लेकर सलामतपुर उपमंडी पहुंच रहे हैं . रविवार के दिन से ही मैदान में ट्रॉलियों की कतारें देखी गईं . किसान सोमवार मंगलवार को उपमंडी खुलते ही अपना नंबर सुनिश्चित करने के लिए एक दिन पहले से ही यहां डेरा जमाए हुए थे . बढ़ती ठंड के बीच किसानों ने रात मैदान में ही गुज़री . ताकि सुबह उनकी फसल की तुलाई में देरी न हो . वहीं किसानों ने बताया कि सर्दी से बचने के लिए घर से कंबल लेकर आए हैं ट्रॉली के ऊपर ही रात गुजारेंगे . वहीं उन्होंने कहा कि धान के रेट भी दिन पर दिन कम बढ़ हो रहे हैं . जिससे किसानों को काफी परेशानी आ रही है . कीमत अच्छी मिलने से किसान खुश : दीवानगंज और सेमरा से पहुंचे किसानों ने बताया कि धान का भाव 2800 रुपये से लेकर 3435 रुपये प्रति क्विंटल तक मिल रहा है, जो उनकी मेहनत और लागत के हिसाब से बहुत अच्छा है . किसानों का कहना है कि यह रेट उनकी मजदूरी और अन्य खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है . सोजना गांव से आए किसान राहुल मीणा ने बताया कि एक एकड़ जमीन पर धान की खेती में लगभग 30,000 का खर्च आता है . ऐसे में 2800-3400 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर उनकी लागत भी निकल पा रही है जिससे वे भारी नुकसान झेलने से बच रहे हैं .

## स्कूलों के पास घूमने वाले संदिग्धों को पकड़ें

**बेगमगंज, 2 दिसंबर .** नवागत पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने बुधवार को बेगमगंज एवं सुल्तानगंज पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया . थाना भवन के सभी कार्यरत कक्ष, मालखाना, रपट कक्ष, टीआई चेंबर, कम्प्यूटर कक्ष सहित सभी जगह का निरीक्षण किया . एसपी गुप्ता ने निरीक्षण उपरांत बेगमगंज थानाप्रभारी राजीव उइके सहित बेगमगंज एवं सुल्तानगंज के पुलिसकर्मियों को अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण एवं गंभीर अपराध में अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी करने, पीड़ित पक्ष की फरियाद सुनकर उसे न्याय देने एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों व यातायात नियमों का पालन कराने, गर्ल्स स्कूलों के आसपास चौकसी रखने ओर संदिग्धों पर तत्काल कार्रवाई करने, रात्रि गश्त में तेजी लाने के साथ जनता से संवाद कायम रखने के निर्देश दिए . उन्होंने कहा , पहली बार बेगमगंज में निरीक्षण के लिए आया हूं, फिलहाल यहां सब सही पाया गया .


**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of the S.E. (O&M), Madhikheda Hydel Power Station, Madhikheda, Distt. Shivpuri (MP)
E-mail ID : semhps@gmail.com, Phone : 9425318160, Website : www.mppgcl.mp.gov.in

**NOTICE INVITING E-TENDER**

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) | EMD (Rs.) | Tender Cost (Rs.) | Last Date and Time for Closing of Online Submission |
|---|---|---|---|---|
| The work of assistance in day to day and emergency maintenance work for 2 Years at Madhikheda Hydel Power Station, MPPGCL, Madhikheda, Shivpuri M.P. Tender ID 2025_MPPGC_447768_1 | 20,87,000.00 Including GST | 41,740.00 | 1000.00 Including GST | 05.01.2026 up to 15:00 hrs |

For extension & other details, bidders are requested to please visit e-portal at **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/123300/2025 SAVE ELECTRICITY SE (O&M)

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO.LTD.**
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (STM-STC) DN. O&M CIRCLE
M'DEEP, BUDNI, BHAIRUNDA
NIT No.:- DGM/STM-STC/MBB/Tender/2025-26/1479 Date : 02.12.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

E-tenders are invited from eligible bidders for following works:-

| Tender Notice Number | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Document fee |
|---|---|---|---|
| 1479/01 Dt. 02.12.2025 | 17 Nos. DTR Fencing at various locations under (IGC) Dn. Mandideep. | 5.77 | 1000+GST @ 18% |

**Bid Download Start/End Date & time : - 02.12.2025, 15:00 Hrs. up to 11.12.2025, 15:30 Hrs.**
**Online Bid submission End Date & time : - 11.12.2025, up to 15:30 Hrs.**
**Online Tender Opening Date & Time : - 12.12.2025 at 15:30 Hrs.**
Other details, terms and conditions are available on company website: https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.
M.P. Madhyam/123317/2025 **D.G.M. (STM-STC)**

**MADHYA PRADESH MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Dy. General Manager (STM-STC) Dn. O&M Circle-Bhopal
NIT No. : DGM/STM-STC/Tender/2025-26/4713 Dated : 02.12.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

E-tenders are invited from eligible bidders for following works :

| Tender Notice Number | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Document Fee |
|---|---|---|---|
| 4713/01 Dt. 02.12.2025 | 80 No. DTR Fencing at Various locations of Urban Area Berasiya, Ratibad, Kajlikheda, Bagroda, Entkhedi under (O&M) Dn. Bhopal | 27.13 | 2000+GST @ 18% |
| 4713/02 Dt. 02.12.2025 | 51 No. DTR Fencing at Various locations of Urban Area Gunga, Nazirabad, Khajuri Sadak, Parwaliya Sadak, Sukhi sewaniya under (O&M) Dn. Bhopal | 17.30 | 2000+GST @ 18% |

**Bid Download Start/End Date & time : 02.12.2025, 15:00 Hrs. up to 11.12.2025, 15:30 Hrs.**
**Online Bid Submission End Date & Time : 11.12.2025, up to 15:30 Hrs.**
**Online Tender Opening Date & Time : 12.12.2025 at 15:30 Hrs.**
Other details, terms and conditions are available on company website **: https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/123315/2025 **D.G.M (STM-STC) DN. (O&M)**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड**
**(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)**
क्रमांक : सीबीएसई/भर्ती कक्ष/14 (88) /2025 दिनांक : 02 .12 .2025

**रिक्तियों की अधिसूचना**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में संचालित प्रमुख राष्ट्रीय सार्वजनिक परीक्षा बोर्डों में से एक है . इसे अपने संबद्ध विद्यालयों के लिए माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर सार्वजनिक परीक्षाएं आयोजित करने और नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा सौंपी गई अन्य गतिविधियां संचालित करने का अधिकार प्राप्त है . बोर्ड निम्नलिखित पदों को भरने हेतु अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर सीधी भर्ती कोटा परीक्षा 2026 (DRQ2026) के लिए इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है . इच्छुक उम्मीदवार बोर्ड की वेबसाइट www.cbse.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं . आवेदन जमा करने का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा . चयनित उम्मीदवारों को सीबीएसई के किसी भी कार्यालय में नियुक्त किया जा सकता है . विज्ञापित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और इसमें वृद्धि या कमी हो सकती है .

| पोस्ट कोड | समूह | पदों का विवरण | अधिकतम आयु | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग/ गैर-पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनारक्षित वर्ग | कुल | दिव्यांगजन | पूर्व सैनिक | पदस्थापना स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ऊर्ध्वाधर आरक्षण | | | | | | क्षैतिज आरक्षण | | |
| 01/25 | ए | सहायक सचिव वेतन स्तर - 10 | 35 | 01 | - | 03 | 01 | 03 | 08 | 01 | | बोर्ड के किसी भी कार्यालय |
| 02/25 | ए | सहायक प्राध्यापक एवं सहायक निदेशक (शैक्षणिक) वेतन स्तर - 10 | 30 | 02 | 01 | 02 | 01 | 06 | 12 | - | | |
| 03/25 | ए | सहायक प्राध्यापक एवं सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) वेतन स्तर - 10 | 30 | 01 | - | 02 | - | 05 | 08 | - | | |
| 04/25 | ए | सहायक प्राध्यापक एवं सहायक निदेशक (कौशल शिक्षा) वेतन स्तर - 10 | 30 | 01 | - | 01 | - | 05 | 07 | 01 | | |
| 05/25 | ए | लेखा अधिकारी वेतन स्तर - 10 | 35 | - | - | - | - | 02 | 02 | - | | |
| 06/25 | बी | अधीक्षक वेतन स्तर - 6 | 30 | 04 | 02 | 07 | 02 | 12 | 27 | 01 | | |
| 07/25 | बी | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी वेतन स्तर - 6 | 30 | 01 | 01 | 02 | - | 05 | 09 | 01 | | |
| 08/25 | सी | कनिष्ठ लेखाकार वेतन स्तर - 2 | 27 | 03 | 01 | 04 | 01 | 07 | 16 | 01 | | |
| 09/25 | सी | कनिष्ठ सहायक वेतन स्तर - 2 | 27 | 05 | 03 | 10 | 03 | 14 | 35 | 01 | 05 | |

| आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की अवधि | ऑनलाइन आवेदन की अवधि 02 .12 .2025 से 22 .12 .2025 तक<br>ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (22 .12 .2025 को या उससे पहले, रात्रि 11 .59 बजे तक)<br>शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि - 22 .12 .2025 (रात्रि 11 .59 बजे तक) |
|---|---|

पात्रता मानदंड, आयु में छूट, परीक्षा शुल्क, वेतनमान, परीक्षा केंद्र, महत्वपूर्ण निर्देश, परीक्षा की योजना और पाठ्यक्रम, चयन प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, उम्मीदवार बोर्ड की वेबसाइट https://www.cbse.gov.in पर जा सकते हैं .
सीबीसी-21107/1/0008/2526 सचिव, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड